संक्षिप्त विवरण

उज्जैन संभाग के अतर्गत रतलाम शहर स्थित है जिसकी वर्तमान में जनसँख्या लगभग 18 लाख के करीब है , जहाँ पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित है | रतलाम शहर उज्जैन संभाग का एक मात्र शहर है जहाँ पर शासन द्वारा ग्राम बंजाली रतलाम बाँसवाड़ा राजमार्ग (सैलाना रोड) पर लगभग ६०० करोड़ की लागत से मेडिकल काउंसिल ऑफ़ इंडिया के मापदंडो के अनुसार एक चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किया गया है | जिसकी स्थापना से इसके आसपास के अन्य जिले यथा देवास ,शाजापुर ,मंदसौर ,नीमच एवं उज्जैन तथा उसके अंतर्गत आने वाले कस्बों एवं गाँव के निवासियों जिनकी कुल जन संख्या लगभग १ करोड़ 20 लाख है के लिए अत्यंत बहुमूल्य सौगात है और मध्यप्रदेश शासन अपने नागरिकों को और अच्छी तरह से स्वस्त्य सेवा सुश्रुता प्रदाय करेगा तथा मध्य प्रदेश में चिकित्सकों की कमी दूर होगी |